**अनुस्मारक-तृतीय**

**समयबद्ध/महत्वपूर्ण**

पत्र सं०-स्था-3(क)-सेवक से दफ्तरी पदोन्नति/2025-26/ 2728 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त राज्य कर, उ०प्र०
(स्थापना अराजपत्रित)
लखनऊ: दिनांक- 26 अगस्त, 2025

उपायुक्त/सहायक आयुक्त (प्रशासन),
जनपद- कानपुर, प्रयागराज, सुल्तानपुर, बस्ती, हरदोई, कन्नौज, कौशाम्बी, हापुड, गोण्डा, चंदौली, वाराणसी, हमीरपुर, बांदा, संतकबीरनगर, शाहजहाँपुर, बुलंदशहर,, सोनभद्र, मैनपुरी, फर्रूखाबाद, बदायूँ, प्रतापगढ, बिजनौर, रायबरेली, इटावा, सीतापुर, अमेठी, बलरामपुर, आगरा, एवं कानपुर देहात,
**राज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या-स्था-3(क)-सेवक से दफ्तरी पदोन्नति/2025.26/ 1794/ दिनांक 09.07.2025 **(छायाप्रति संलग्न)**, अनुस्मारक-प्रथम पत्र संख्या-2141 दिनांक 25.07.2025 **(छायाप्रति संलग्न)** एवं अनुस्मारक-द्वितीय पत्र संख्या-2468 दिनांक 08.08.2025 **(छायाप्रति संलग्न)** का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा चयन वर्ष 2025-26 की उपलब्ध रिक्तीयों के आधर पर सेवक से दफ्तरी के पद पर पदोन्नति की कार्यवाही विभागीय चयन समिति के माध्यम से सम्पादित कराये जाने के सम्बन्ध में संलग्न सूची में अंकित कार्मिकों के सम्वन्ध में सूचना निम्न प्रारूप में अंकित करते हुये उनकी सत्यापित चरित्र पंजिका सारांश (ब्राडशीट) के दो सेट प्रत्येक दशा में दिनांक-17.07.2025, अनुस्मारक-प्रथम पत्र दिनांक 25.07.2025 द्वारा दिनांक 28.07.2025 तक एवं अनुस्मारक-द्वितीय पत्र दिनांक 08.08.2025 द्वारा दिनांक 12.08.225 तक राज्य कर मुख्यालय को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये गये थे।

**''प्रारूप-क''**

| क्रम संख्या | कर्मचारी का नाम | ज्येष्ठता सूची का क्रमांक | मौलिक नियुक्ति की तिथि/ चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यभार ग्रहण की तिथि | स्थायीकरण की तिथि | वर्तमान तैनाती स्थान का नाम | कार्मिक अनुभाग-2, उ०प्र० शासन के कर्मचारी सेवा नियमावली, 1985 के अनुसार जिल्दसाजी के कार्य का ज्ञान और अनुभव है अथवा नहीं | यदि अनुशासनिक/ अभियोजन की कार्यवाही / सतर्कता जॉच/ई०ओ० डब्ल्यू० की जॉच चल रही है अथवा ऐसी किसी कार्यवही के फलस्वरूप कोई आदेश/ दण्डादेश पारित किया गया है अथवा उसके किसी प्रत्यावेदन का निस्तारण किया गया है उसका विवरण जिसमें वर्ष 2014-15 से वर्ष 2023-24 तक की अवधि में प्रतिकूल प्रविष्टि/मन्तब्य आदि अंकित किया गया है तो उसके विरूद्ध दिये गये प्रत्यावेदन की स्थिति सहित अंकित किया जाये |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

सूचनीय है कि पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदो के सापेक्ष चयन की कार्यवाही ससमय सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में कार्मिक अनुभाग-1, उ०प्र० शासन के पत्र संख्या-2/2025/529/सैंतीस- का-1-2025-13(01)/2022 दिनांक 02.07.2025 द्वारा चयन वर्ष 2025-26 की सम्पूर्ण रिक्तियों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही 15 अगस्त 2025 तक

अभियान चलाकर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त पत्र के साथ संलग्न पात्रता सूची में अंकित कार्मिकों की निर्धारित प्रारूप-'क' की वांछित सूचना एवं अद्यतन चरित्र पंजिका का सारांश उक्त अंकित जनपदों से अभी तक इस कार्यालय को प्रेषित नही किया गया है, जिसके कारण चयन वर्ष 2025-26 की सम्पूर्ण रिक्तियों के सापेक्ष दफ्तरी के पद पर ससमय कार्यवाही सम्पादित किये जाने में विलम्ब हो रहा है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में अंतिम ज्येष्ठता सूची की पात्रता सूची इस निर्देश के साथ संलग्न कर आपको पुनः प्रेषित है कि पात्रता सूची में अंकित कार्मिकों की पत्र दिनांक 09.07.2025 द्वारा वांछित सूचना/विवरण <u>दिनांक 01.09.2025</u> तक प्रत्येक दशा में लौटती डाक/ई-मेल के माध्यम से राज्य कर मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार

ह0/-<br>
(धनन्जय शुक्ला)<br>
अपर आयुक्त, राज्य कर<br>
प्रभार-अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर<br>
उ0प्र0, लखनऊ।

<u>पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक- उक्त।</u>

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्बन्धित अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त वांछित सूचना/विवरण निर्धारित तिथि <u>दिनांक 01.09.2025</u> तक प्रत्येक दशा में राज्य कर मुख्यालय को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. संयुक्त आयुक्त (आई0टी0), राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

Digitally signed by<br>
RAVI SHEKHAR SINGH<br>
Date: 25-08-2025<br>
19:09:40

(रवि शेखर सिंह)<br>
संयुक्त आयुक्त (स्था0अराज0), राज्य कर<br>
मुख्यालय, लखनऊ।